# कक्षा-12

# भारतीय इतिहास के कुछ विषय भाग-1

## विषय-1

## ईंटें, मनके तथा अस्थियां -हड़प्पा सभ्यता

**प्रश्न-1 सही विकल्प चुनकर लिखिए -**

1. हड़प्पा सभ्यता की सबसे विशिष्ट पुरावस्तु है-
   (अ) हड़प्पाई आभूषण (ब) हड़प्पा मृदभाण्ड (स) हड़प्पाई मोहर (द) उपरोक्त में से कोई नहीं
2. हड़प्पाई मोहर किस वस्तु की बनी हुई थी-
   (अ) लोहे की (ब) मिट्टी की (स) सेलखड़ी पत्थर की (द) उपरोक्त सभी की
3. सिंधु घाटी सभ्यता के किस स्थल से जुते हुए खेत के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं-
   (अ) रोपड़ (पंजाब) (ब) शोर्तुघई(अफगानिस्तान) (स) कालीबंगा (राजस्थान) (द) उपरोक्त सभी
4. निम्न में से किस स्थल से सिंधु घाटी सभ्यता के अवशेष प्राप्त नहीं हुए हैं-
   (अ) अफगानिस्तान (ब) चोलिस्तान (स) केरल (द) जम्मू
5. भारतीय पुरातत्व के जनक कौन थे-
   (अ) जॉन मार्शल (ब) व्हीलर (स) दयाराम साहनी (द) अलेक्जेंडर कनिंघम
6. भारत में लिंग पूजा किस काल में प्रारंभ हुई-
   (अ) वैदिक काल में (ब) गुप्त काल में (स) मौर्य काल में (द) हडप्पा काल में
7. हड़प्पा लिपि लिखी जाती थी-
   (अ) बाएं से दाएं ओर (ब) दाएं से बाएं ओर(स) ऊपर से नीचे की ओर (द) उपरोक्त में से सभी
8. सिंधु घाटी सभ्यता के पतन का कारण था -
   (अ) बाढ़ (ब) नदियों का सूखना (स) जलवायु परिवर्तन (द) उपरोक्त सभी
9. हड़प्पा सभ्यता का काल था-
   (अ)1500 ई०पू० से 1000 ई० पू० (ब) 2600ई०पू० से1900 ई० पू०
   (स)1000 ई०पू० से 600 ई०पू० (द) उपरोक्त में से कोई नहीं
10. सिंधु घाटी सभ्यता का पूजनीय पशु था-
    (अ) हाथी (ब) बेल (स) गाय (द) घोड़ा
11. हड़प्पा सभ्यता के इनमें से कौन से स्थल हरियाणा से संबंधित हैं?
    (अ) कालीबंगा (ब) लोथल (स) बनावली (द) शॉर्टुगई
12. इनमें से कौन हड़प्पा सभ्यता की विशेषता है?
    (अ) शहरी नियोजन (ब) जल निकासी प्रणाली (स) गढ़ और निचला शहर (डी) ये सभी
13. इनमें से किसकी पूजा हड़प्पावासी नहीं करते थे?
    (अ) प्रकृति (ब) देवी (स) इंद्र (द) पशुपतिनाथ
14. सिंधु घाटी सभ्यता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

(अ) हड़प्पा सील संभवतः हड़प्पा सभ्यता की सबसे विशिष्ट विशेषता है।
(ब)शॉर्टुघई नामक स्थल पर नहर सिंचाई के साक्ष्य मिले हैं।
(स)मोहनजोदड़ो अनियोजित ढंग से बसाया गया शहर था।
(द)तांबा कर्नाटक के कोलार क्षेत्र से लाया जाता था।
दिए गए कथनों में से कौन सा/से गलत है/हैं?
(अ) 1, 2, 3 (ब) 3, 4 (स) 1, 2, 4 (द) 2,4

15. हड़प्पा सभ्यता में शिल्प उत्पादन केंद्रों में निम्नलिखित में से कौन सी वस्तुएँ पाई जाती थीं?
1. कारेलियन 2. जैस्पर 3. क्रिस्टल 4. क्वार्ट्ज़
(अ) 1, 2 और 3 (ब) 3, 4 (स) 2, 3, 4 (द) 2, 4

16. प्रोटो-शिव की मुहरों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।
(अ) प्राचीन धार्मिक ग्रंथों में एक देवता 'रुद्र' का उल्लेख मिलता है।
(ब) बाद में रुद्र शब्द का प्रयोग शिव के लिए किया जाने लगा।
(स)ऋग्वेद में रुद्र का उल्लेख पशुपति के रूप में नहीं है।
(द)पशुपति का चित्रण ऋग्वेद में रुद्र के उल्लेख से मेल नहीं खाता।
दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?
(अ) 1, 2, 3, 4 (ब) 1, 2, 3 (स) 2, 3, 4 (द) 1, 3, 4.

17. निम्न में से किस सैन्धव स्थल से 'अग्निकुण्ड' के साक्ष्य मिले हैं?
(अ) हड़प्पा (ख) (ब) मोहनजोदड़ो (स) लोल (घ) कालीबंगा

18. किस हड़प्पाकालीन इमारत को सर जॉन मार्शल ने विश्व का एक अनुत निर्माण कहा?
(अ) वृहत स्नानागार (ब) अन्नागार (स) सभा भवन (घ) दुर्ग महल

19. निम्नलिखित स्थलों में से कौन-से स्थल अब पाकिस्तान में स्थित हैं?
(अ) मोहनजोदड़ो, हड़प्पा, दैमाबाद, रोपड़ (ब) हड़प्पा, मोहनजोदड़ो, आलमगीरपुर, माण्डा
(स) हड़प्पा, मोहनजोदड़ो, रहमान देरी, चन्हुदड़ो (द) मोहनजोदड़ो, रंगपुर, सुरकोटड़ा, कोटदीजी

20. सिन्धु घाटी के लोग निम्नलिखित में से किस पालतू पशु से परिचित नहीं थे?
(अ)) गाय (ब)) बैल (स) भैंस (द) घोड़ा

21. निम्नलिखित में से हड़प्पा संस्कृति का नवीनतम उत्खनन स्थल कौन-सा है?
(अ)) मोहनजोदड़ो (ब)) रोपड़ (स) धौलावीरा (द) कालीबंगा

22. हड़प्पा संस्कृति (सिन्धु घाटी सभ्यता) के अभिलेख मुख्यतः किस वस्तु पर बने मिले हैं ?
(अ) शिलाओं पर (ब) मुहरों पर (स) स्तम्भों पर (द) ताम्रपत्रों पर

23. कालीबंगा का उत्खनन कार्य किसके नेतृत्व में निष्पादित हुआ था?
(अ) वी. एस. वाकणकर (ब) वी. एन. मिश्रा ए (स) च. डी. सांकलिया (द) बी. बी. लाल

24. विश्व की प्राचीनतम सभ्यताओं में से एक हड़प्पा सभ्यता का प्रसिद्ध स्थल कालीबंगा राजस्थान के किस जिले में स्थित है?
(अ)गंगानगर (ब) हनुमानगढ़ (स) एच. डी. सांकलिया (द) चरू

25. गणेश्वर सभ्यता किस काल से सम्बन्धित है?

(अ) हड़प्पा काल (ब) लौह युग (स) ताम्रपाषाण युग (द) पुरापाषाण काल

26. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सिन्धु घाटी सभ्यता के सन्दर्भ में सही है/हैं?

(1) मोहनजोदड़ो में एक विशेष तालाब था जिसे पुरातत्वविदों ने विशाल स्नानागार कहा था।

(2) लोथल तथा कालीबंगन में आग की वेदी थी।

(अ)) केवल 1 (ब) केवल 2 (स) 1 तथा 2 दोनों (द) ना ही 1 ना ही 2

**प्रश्न-2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

1. हड़प्पा की खोज सन------------------------ई. में की गई।
2. गणेश्वर सभ्यता --------------------------------- में स्थित है।
3. ---------------------- नामक हड़प्पा स्थल से नहरों के अवशेष मिले हैं।
4. मोहनजोदड़ो का शाब्दिक अर्थ --------------------------- है
5. सिंधु घाटी सभ्यता का सबसे पहले खोजा गया स्थल ---------------------है।
6. पुरातत्वविदों ने गणेश्वर जोधपुरा संस्कृति नाम ----------------क्षेत्र में मिले साक्ष्यों को दिया।
7. मेसोपोटामिया के कई लेख में---------------------को नाविकों का देश कहा जाता है।
8. कई पुरातत्वविदों का मानना है कि हाजा पक्षी --------------------था।
9. हड़प्पा सभ्यता के सबसे लंबे अभिलेख में ------------------------चिन्ह हैं।
10. सिंधु घाटी सभ्यता मैं सड़कों तथा नालियों को एक --------------------पद्धति से बनाया गया था।

**प्रश्न-3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सत्य /असत्य में दीजिए-**

1. सिंधु घाटी सभ्यता की लिपि वर्णमाला समान थी ।
2. हड़प्पाई बाट चर्ट नामक पत्थर से बनाए जाते थे।
3. सिंधु घाटी सभ्यता में सड़कें तथा गलियां एक दूसरे को समकोण पर काटती थी।
4. मोहनजोदड़ो में कुआं की कुल संख्या 700 थी।
5. भारतीय पुरातत्व का जनक दयाराम साहनी को कहा जाता है।
6. सिंधु घाटी सभ्यता एक नगरीय सभ्यता थी।
7. हड़प्पा सभ्यता के निवासी मृतकों के साथ बहुमूल्य वस्तुएं दफनाते थे।
8. मोहनजोदड़ो में एक विशाल स्नानागार प्राप्त हुआ है।
9. हड़प्पा सभ्यता से प्राप्त पत्थर की मूर्ति को पुरोहित की संज्ञा दी गई है।
10. हडप्पा सभ्यता के पतन का एक कारण जलवायु परिवर्तन था।

**प्रश्न-4 सही जोड़ी बनाइए -**

| कॉलम (क) | कॉलम (ख) |
|---|---|
| 1. हड़प्पा | अ. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के डायरेक्टर |
| 2. मोहनजोदड़ो | ब. गुजरात |
| 3. शोर्तुघई | स. राजस्थान |

| | |
|---|---|
| 4. लोथल | द. भारतीय पुरातत्व के जनक |
| 5. काली बंगन | ई. दयाराम साहनी |
| 6. जॉन मार्शल | फ. हरियाणा |
| 7. अलेक्जेंडर कनिंघम | ज. राखल दास बनर्जी |
| 8. बनावली | ह. अफगानिस्तान |
| 9. रोपड | ए. सिंधु घाटी सभ्यता का नवीनतम स्थल |
| 10. धोलावीरा | ड. पंजाब |

**प्रश्न 5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए।**

1. हडप्पा सभ्यता के एक प्रमुख पत्तन का नाम लिखिए।
2. सिंधु घाटी सभ्यता की खोज कब की गई।
3. भारतीय पुरातत्व का जनक किसे कहा जाता है
4. सिंधु घाटी सभ्यता के किस स्थल पर विशाल स्नानागार मिला है
5. सिंधु घाटी सभ्यता में सुगंधित द्रव्यों को विशेष पात्रों में रखा जाता था उन्हें कहते थे
6. हड़प्पा सभ्यता में किस पशु की पूजा की जाती थी
7. हड़प्पा सभ्यता में किन-किन जानवरों की हड्डियां प्राप्त हुई है।
8. हड़प्पा सभ्यता के निवासियों का मुख्य व्यवसाय था|
9. हड़प्पावासियों को सोना कहाँ से मिलता था?
10. इनमें से कौन हड़प्पावासियों के लिए तांबे का स्रोत था?
11. मोहनजोदड़ो में किस प्रकार की चक्कियाँ मिली हैं एवं उनके क्या उपयोग थे?
12. चक्कियाँ किस प्रकार के पत्थरों से निर्मित थीं ?
13. हड़प्पा स्थलों में कहाँ से बाजरे के दाने मिले हैं?
14. मिट्टी से बने हल के प्रतिरूप कहाँ से प्राप्त हुए हैं ?

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न - 2 अंक**

1. किन्ही दो विकसित हड़प्पा पुरास्थलों का उल्लेख कीजिए ?
2. सिंधु घाटी सभ्यता के संदर्भ में टीलों से क्या अभिप्राय है?
3. मोहनजोदडो नगर की दो विशेषताएं लिखिए ?
4. सिंधु घाटी सभ्यता के संदर्भ में बाटों से क्या अभिप्राय है ?
5. अलेक्जेंडर कनिंघम कौन थे?
6. फयाँन्स क्या हैं ? ये कहाँ मिलते हैं |
7. जॉन मार्शल कौन थे?
8. सालन पत्थर से क्या अभिप्राय है?
9. अवतल चक्की से क्या अभिप्राय है? इनका क्या उपयोग था |
10. ग्रिड पद्धति से क्या आशय हैं?

11. सिंधु घाटी सभ्यता की कोई दो विशेषताएं लिखिए?
12. सिंधु सभ्यता एक नगरीय सभ्यता थी ? कोई दो बिंदु लिखिए |
13. सिंधुवासियों के धार्मिक जीवन की दो विशेषताएं लिखिए?
14. सिंधु सभ्यता के पतन के लिए उत्तरदायी कोई दो कारण लिखिए |
15. हड़प्पा सभ्यता के संपर्क सुदूर क्षेत्रों से थे? उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए|
16. हड़प्पा सभ्यता की आरंभिक बस्तियों की क्या विशेषता थी?
17. मोहनजोदड़ो नगर किन दो भागों में विभाजित था ?
18. नीचे दी गई मूर्ति को देखिए और इसको पुरातत्वविदों द्वारा दिए गए नाम को लिखिए




**लघु उत्तरीय प्रश्न -**

1. हड़प्पा अथवा सिन्धु घाटी सभ्यता की सबसे विशिष्ट पुरावस्तु क्या है ? इसकी कोई दो विशिष्ट बातें या विशेषताएँ लिखो।
2. हड़प्पा सभ्यता की जानकारी हमें किन-किन साक्ष्यों से मिलती है ?
3. हड़प्पाई लोगों द्वारा पाले जाने वाले एवं उन्हें ज्ञात जंगली पशुओं के नाम लिखिए।
4. हड़प्पा सभ्यता काल में बर्तन एवं चक्कियाँ किन-किन वस्तुओं से बनायी जाती थीं ? ।
5. सिन्धु सभ्यता का सर्वप्रथम खोजा गया स्थल कौन-सा था? इसकी दुर्दशा का क्या कारण था?
6. मोहनजोदड़ो के कौन-से वास्तुकला सम्बन्धी लक्षण नियोजन की ओर संकेत करते हैं?
7. मोहनजोदड़ो के गृह स्थापत्य की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।
8. आप किन आधारों पर कह सकते हैं कि हड़प्पा सभ्यता के लोग सफाई पसन्द करते थे ?
9. हड़प्पा सभ्यता स्थलों से मिले शवाधान मिस्र के पिरामिडों से किस प्रकार भिन्न हैं?
10. पुरातत्वविदों के हड़प्पाकालीन संस्कृति में शिल्प उत्पादन के केन्द्रों की पहचान के आधार का वर्णन कीजिए।
11. राजस्थान में विकसित हड़प्पाकालीन गणेश्वर-जोधपुरा संस्कृति के बारे में बताइए।
12. हड़प्पा लिपि की कोई तीन विशेषताएँ बताइए।
13. हड़प्पा सभ्यता का अन्त कैसे हुआ?
14. पुरास्थल तथा टीले के विषय में आप क्या जानते हैं ?
15. आद्य-शिव क्या है ?
16. हड़प्पा सभ्यता के सन्दर्भ में संस्कृति शब्द का अर्थ स्पष्ट कीजिए।
17. आरंभिक हड़प्पा एवं हड़प्पा सभ्यता के बीच क्रम भंग था। स्पष्ट कीजिए।
18. हड़प्पा सभ्यता के लोगों के निर्वाह के मुख्य साधन कौन-कौन से थे?

**विश्लेषणात्मक प्रश्न** **- 4 अंक**

19. हड़प्पा के शहरों में लोगों को उपलब्ध भोजन की वस्तुओं की सूची बनाएं। उन समूहों की पहचान करें जिन्होंने इन्हें प्रदान किया होगा
20. पुरातत्वविद् हड़प्पा समाज में सामाजिक-आर्थिक अंतर का पता कैसे लगाते हैं? वे कौन से अंतर देखते हैं?
21. हड़प्पा समाज में शासकों द्वारा किये जाने वाले कार्यों की चर्चा करें।
22. हड़प्पाई धार्मिक प्रथाओं के पुनर्निर्माण में पुरातत्वविदों द्वारा सामना की गई समस्याओं का विश्लेषण कीजिए।
23. आप इस कथन से कहाँ तक सहमत हैं कि “हड़प्पा सभ्यता का धर्म आज भी भारतीय धार्मिक जीवन में परिलक्षित होता है।" यदि सहमत हैं तो क्यों ? और यदि सहमत नहीं हैं तो क्यों ?
24. भारतीय सभ्यता पर हड़प्पा संस्कृति का क्या प्रभाव है ?
25. हड़प्पा संस्कृति के निवासियों द्वारा अपनायी गयी कृषि तकनीकों का विस्तार से वर्णन कीजि
26. हड़प्पा सभ्यता की कृषि एवं कृषि प्रौद्योगिकी के प्रमुख पक्ष कौन-कौन से थे ? विस्तार से वर्णन कीजिए।
27. हड़प्पा सभ्यता का पतन किस प्रकार हुआ? विभिन्न बिन्दुओं पर प्रकाश डालिए
28. निम्नलिखित मानचित्र-1 को ध्यान से देखिये तथा प्रश्नों के उत्तर दीजिए

1.हड़प्पा किस नदी के किनारे स्थित है ? 2. मांडा कहाँ पर स्थित है ? 3. रंगपुर तथा लोथल कहाँ स्थित हैं ?
4.चन्हुदड़ो किस नदी के किनारे स्थित है? 5. राखीगढ़ी कहाँ स्थित है ? 6. लोथल-विकसित हड़प्पाई पुरास्थल
7.नागेश्वर-एक विकसित हड़प्पाई पुरास्थल 8.कालीबंगन कहाँ स्थित है ?



## विषय- 2 राजा, किसान और नगर

## आरंभिक राज्य और अर्थव्यवस्थाए (लगभग 600 ई.पू.से 600 ईसवी)

**प्रश्न 1. सही विकल्प चुनकर लिखिए -**

1. धम्म महामत्त कौन थे?
   (अ) कर संग्रह के लिए अशोक द्वारा नियुक्त विशेष राजस्व अधिकारी
   (ब) राज्य में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए अशोक द्वारा नियुक्त विशेष अधिकारी
   (स) धम्म का संदेश फैलाने के लिए अशोक द्वारा नियुक्त विशेष अधिकारी
   (द) धम्म के प्रसार को रोकने के लिए अशोक द्वारा नियुक्त विशेष अधिकारी
2. छठी शताब्दी ईसा पूर्व को अक्सर भारतीय इतिहास में एक प्रमुख मोड़ क्यों माना जाता है?
   अ) राज्यों, शहरों और कस्बों का उदय; लोहे का प्रयोग
   (ब) राज्यों, शहरों और कस्बों का उदय; हिंदू धर्म का प्रभुत्व
   (स) हिंदू धर्म का प्रभुत्व; लोहे का प्रयोग
   (द) बौद्ध धर्म और जैन धर्म का उदय, तांबे का व्यापक उपयोग
3. भारतीय पुरालेख कला के विकास में जेम्स प्रिंसेप का क्या योगदान है?
   (अ) उन्होंने अशोक के अधिकांश शिलालेखों में प्रयुक्त ब्राह्मी लिपि को समझा।
   (ब) उन्होंने अशोक के अधिकांश शिलालेखों में प्रयुक्त खरोष्ठी लिपि को पढ़ा।
   (स) 'ए' और 'बी' दोनों
   (द) इनमें से कोई नहीं
4. निम्न में से ईस्ट इंडिया कंपनी के टकसाल में अधिकारी कौन थे।
   (अ) अलेक्जेंडर कनिंघम (ब) जेम्स प्रिंसेप (स) अशोका (द) जियांग जंग
5. ब्राह्मी और खरोष्ठी लिपि का अर्थ किस वर्ष निकाला गया
   (अ) 1830 में (ब) 1836 में (स) 1837 में (द) 1838 में
6. सर्वप्रथम अभिलेख किस भाषा में मिले हैं?
   (अ) प्राकृत (ब) पाली (स) ब्राह्मी (द) खरोष्ठी
7. सती प्रथा के साथ वाला प्रथम अभिलेख कहां मिला?
   (अ) ऐरण (सागर) (ब) गुजर्रा (दतिया) (स) मास्की (द)जूनागढ़
8. वर्तमान में कलिंग कहां स्थित है ।
   अ. कर्नाटक ब. मध्य प्रदेश स. उड़ीसा द. पा*किस्*तान
9. मौर्य साम्राज्य के संस्थापक चंद्रगुप्त मौर्य की राजधानी थी।
   अ. तक्षशिला ब. उज्जैनी स. स्वर्णगिरि द. पाटलिपुत्र
10. समुद्रगुप्त की प्रशंसा में प्रयाग प्रशस्ति की रचना किसने की?

अ. प्रभावती गुप्त ब.हरिसेना कौटिल्य द. बाणभट्ट

11. बौद्ध धर्म का विस्तार सर्वाधिक किस शासक के काल में हुआ।
 अ. हर्षवर्धन ब. समुद्रगुप्त स. अशोक द. चंद्रगुप्त
12. उन भाषाओं के नाम बताइए जिनमें अशोक के शिलालेख लिखे गए थे।
 पाल, प्राकृत और ग्रीक ब. पाली, संस्कृत और अरामी स. प्राकृत, अरामी और ग्रीक .द पाली, संस्कृत और ग्रीक
13. व्यापारियों और कारीगरों के संघों को क्या कहा जाता था?
 अ.श्रेनिस ब. उर स. अदिमाई द. उझावर
14. निम्नलिखित में से कौन-सा अशोक के 'धम्म' का तत्व नहीं है ?
 अ.धम्म विजय ब. दान (ग) सहिष्णुता (घ) कर्मकाण्ड।
15. निम्नलिखित में से कौन-सी मौर्यकालीन प्रशासन की विशेषता नहीं है ?
 अ.सत्ता का अत्यधिक केन्द्रीकरण (ख) कठोर न्याय व्यवस्था (ग) विस्तृत अधिकारी तन्त्र (घ) जन-कल्याणकारी गतिविधियों का अभाव।
16. कलिंग युद्ध के बाद सम्राट अशोक ने कौन-सा धर्म स्वीकार किया?
 अ. बौद्ध धर्म ब. जैन धर्म (ग) ईसाई धर्म (घ) हिन्दू धर्म
17. प्राचीन राज्य वत्स की राजधानी का नाम बताइए।
 अ.शुक्तिमती ब.मथुरा (ग) कौशाम्बी (घ) वाराणसी
18. किसने कुषाण वंश की स्थापना की?
 अ.) अशोक ब.चन्द्रगुप्त (ग) हर्षवर्धन (घ) कडफिसेस
19. किस भारतीय राजा ने अपने राज्यकाल की शुरुआत एक खूखार योद्धा के रूप में की थी, परन्तु आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्ति के बाद युद्ध की विनाशकता का आभास हुआ?
 अ.चन्द्रगुप्त मौर्य ब.विक्रमादित्य (ग) राजा राज चोल (घ) अशोक
20. 'इण्डिका' का लेखक था
 अ.अलबरूनी ब.जस्टिन (ग) मेगस्थनीज (घ) स्ट्रोबो .
21. निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में पंचमार्क सिक्कों के बारे में सबसे पहले साक्ष्य प्राप्त हुआ है?
 अ. बिहार ब. राजस्थान (ग) गुजरात(घ) पंजाब
22. राजस्थान से प्राप्त सबसे प्राचीन सिक्के कहलाते हैं
 अ.आहत सिक्के ब. कलदार सिक्के (ग) चान्दोड़ी सिक्के (घ) अखैशाही सिक्के
23. निम्नलिखित में से किस स्थल से शासक मिनेण्डर के सोलह सिक्के प्राप्त हुए हैं?
 अ.बैराठ ब.नगरी (ग) रैढ़(घ) नगर
24. निम्नलिखित में से किस स्थल से इंडो-ग्रीक शासकों के अट्ठाईस सिक्के प्राप्त हुए हैं?
 अ.नगरी (ख) बैराठ (ग) नगर (घ) रैढ़

**प्रश्न 2. खाली स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

1. भारत की दशा का आंखों देखा हाल मेगास्थनीज ने अपनी पुस्तक --------में किया।
2. ---------- चंद्रगुप्त मौर्य के दरबार में यूनानी राजदूत था।
3. ------ने अपने संदेश पत्थरों और पॉलिश किए हुए स्तंभों पर लिखवाए।

4. --------समुद्रगुप्त के राजकवि थे।
5. घर का मुखिया -------होता है।
6. आरंभिक भारत का सबसे प्रसिद्ध विधि --------ग्रंथ है।
7. हर्षवर्धन के राज्य कवि -------थे।
8. प्रभावती गुप्त की शादी --------राज परिवार में हुई।
9. सांची के स्तूप का निर्माण ----------शासनकाल में हुआ।
10. सिक्कों के अध्ययन को-------- कहते हैं।

**प्रश्न 3.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सत्य /असत्य में दीजिए-**

1. छठी शताब्दी में भारत 16 महाजनपदों में बटा हुआ था।
2. प्रयाग प्रशस्ति की रचना बाणभट्ट ने की थी।
3. नेपोलियन की तुलना समुद्रगुप्त से की जाती है।
4. मेगास्थनीज चंद्रगुप्त मौर्य के शासनकाल में भारत आया था|
5. मौर्य वंश का अंतिम शासक अशोक था।
6. प्रभावती गुप्त वाकाटक वंश की राजकुमारी थी।
7. कुषाण शासकों ने देवपुत्र की उपाधि धारण की।
8. सम्राट अशोक ने सुदर्शन झील का जीर्णोद्धार करवाया।
9. भूमि का वह भाग जो ब्राह्मणों को दान में दिया जाता था अग्रहार कहलाता था।
10. प्रथम शताब्दी ईस्वी में सोने के सिक्के कुषाण राजाओं ने जारी किए थे।

**प्रश्न 4. सही जोड़ियां बनाइए।**

| कॉलम (क) | कॉलम (ख) |
|---|---|
| i. गहपति | अ. सिक्कों का अध्ययन |
| ii. अदिमाई | ब. हर्षचरित |
| iii. वेल्लालर | स. मेगस्थनीज |
| iv. उझावर | द. कुषाण |
| v. इंडिका | ई. दास |
| vi. प्रयागप्रस्ति | फ. कौटिल्य |
| vii. अर्थशास्त्र | ज. घर का मुखिया |
| viii. देवपुत्र | ह. जमींदार |
| ix. मुद्रा शास्त्र | ए. हल चलाने वाला |

| | |
|---|---|
| x. बाणभट्ट | ड. हरिषेण |

**प्रश्न-5 एक शब्द या एक वाक्य में उत्तर दीजिए -**

1. शासकों के नाम वाले प्रथम सिक्के किसने जारी किये?
2. मेगास्थनीज कौन था।
3. इंडिका नामक पुस्तक किसने लिखी।
4. कौटिल्य द्वारा रचित अर्थशास्त्र की विषय वस्तु क्या हैं ।
5. सबसे पहले अभिलेख किस भाषा में लिखे गए।
6. सिक्कों के अध्ययन को क्या कहते हैं।
7. मौर्य काल में कर निर्धारण करने वाला सर्वोच्च अधिकारी कहलाता था।
8. बड़े पैमाने पर सोने के सिक्के किनके द्वारा चलाए गए।
9. राजगाह शब्द का अर्थ है।
10. अफगानिस्तान में मिले अशोक के अभिलेख किस लिपि में लिखे गए थे।
11. वैदिक काल में राजाओं द्वारा किये जाने वाले किन्हीं दो यज्ञों का उल्लेख कीजिये।
12. प्रभावती गुप्ता कौन थी?
13. अशोक ने अपने साम्राज्य को एकजुट रखने के लिए क्या किया?
14. अशोक ने धम्म का प्रचार करके अपने साम्राज्य को एकजुट रखने का प्रयास किया।
15. धम्म का संदेश फैलाने के लिए धम्म महामत्ता नामक विशेष अधिकारियों को किसने नियुक्त किया था।
16. प्रयाग प्रशस्ति का अभिलेख किस नाम से प्रसिद्ध है ?
17. प्रयाग-प्रशस्ति की रचना किसने तथा किस भाषा में की थी ?
18. सुदर्शन झील का निर्माण कब और किसने करवाया ?
19. सुदर्शन झील किस प्रकार उपयोगी थी ? "
20. शासकों ने सिंचाई के प्रबन्ध क्यों किए?

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न - - 2 अंक**

1. अशोक के अभिलेखों के अनुसार मौर्य साम्राज्य की पांच प्रमुख राजनीतिक केंद्र थे
2. अशोक के अभिलेखों को सर्वप्रथम किसने पढ़ा? ।
3. सम्राट अशोक के अधिकांश अभिलेख किस भाषा में हैं?
4. जैन और बौद्ध धर्म के आरंभिक ग्रन्थों में कितने महाजनपदों का उल्लेख मिलता है ?
5. पाँच प्रमुख महाजनपदों के नाम लिखिए।
6. सोलह महाजनपदों में सबसे शक्तिशाली महाजनपद कौन-सा था?
7. चौथी बी.सी.ई. सदी में मगध की राजधानी को कहाँ स्थानांतरित किया गया था?
8. 'राजाओं का घर' किसे कहा जाता था ?.
9. कलिंग पर विजय प्राप्त करने वाला मौर्य सम्राट कौन था ?

10. मौर्यकाल के दौरान अर्थशास्त्र पुस्तक का लेखक कौन था?\
11. मौर्य साम्राज्य के किन्हीं पाँच महत्वपूर्ण राजनीतिक केन्द्रों के नाम लिखिए।
12. नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए। इस चित्र से संबंधित चौथी सदी सी.ई. की मूर्ति को पहचानिए और उसका नाम लिखिए।



13. प्रयाग प्रशस्ति क्या है?
14. किस शासक को भारत का नेपोलियन कहा जाता है
15. प्रशस्ति और शिलालेख में अंतर स्पष्ट कीजिए।
16. जातक कथाएँ अथवा जातक कहानी क्या हैं ?
17. किस जातक कथा से पता चलता है कि राजा और प्रजा (विशेषकर ग्रामीण प्रजा) के बीच सम्बन्ध तनावपूर्ण ना जाता है।
18. सुदर्शन झील का निर्माण किसने करवाया था ? किस शक राजा ने इसकी मरम्मत करवाई ?
19. आरंभिक भारत का सबसे प्रसिद्ध ग्रन्थ कौन-सा है ?
20. गुप्त वंश की किस शासिका ने भूमि दान की थी ?
21. 'हर्षचरित' के रचयिता कौन थे?
22. पाटलिपुत्र का विकास किस गाँव से हुआ था?
23. चीनी यात्री ह्वेन त्सांग पाटलिपुत्र कब आया था?'
24. पेरिप्लस ऑफ द एरीथियन सी की रचना किसने की थी?
25. आहत सिक्के किन्हें कहा जाता है?
26. शासकों की प्रतिमा और नाम के सिक्के सर्वप्रथम किस राजवंश के राजाओं ने जारी किये थे
27. कुषाण और गुप्त शासकों द्वारा जारी किए गए सोने के सिक्कों में एक अंतर स्पष्ट कीजिए।
28. भारत में सोने के सिक्के सबसे पहले कब और किस वंश के राजाओं ने जारी किए थे?
29. मुद्राशास्त्र से क्या अभिप्राय है ?
30. पेरिप्लस ऑफ द एरीशियन सी से क्या तात्पर्य है ?

**लघु उत्तरीय प्रश्न -** **- 3 अंक**

1. मौर्य प्रशासन की मुख्य विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।
2. सम्राट अशोक के शासन प्रबंध पर प्रकाश डालिए।
3. आप कैसे कह सकते है प्राचीनकाल में चाण्डालों की स्थिति काफी दयनीय थी ?
4. महाजनपदों की प्रमुख विशेषताएं बताइए ?
5. उत्तर मौर्य काल में विकसित राजत्व के विचारो की चर्चा कीजिए ?
6. धर्म प्रवर्तक से आप क्या समझते हैं? अशोक ने बौद्ध धर्म के प्रचार के लिए क्या-क्या कार्य किए
7. अशोक के धम्म से आप क्या समझते हैं ? उसके मूलभूत सिद्धांत लिखिए।
8. अतीत के पुननिर्माण में अभिलेख शास्त्रियों के समझ आई किन्हीं तीन समस्याओं को लिखिए?
9. उत्तर वैदिककाल में कृषि के तौर-तरीकों में किस हद तक परिवर्तन हुए ?
10. मौर्य वंश के बारे में जानने वाले ऐतिहासिक स्रोतों का वर्णन कीजिए।
11. जेम्स प्रिंसेप कौन था? उसके कार्यों को संक्षेप में बताइए।
12. महाजनपद क्या थे? कुछ महत्वपूर्ण महाजनपदों के नाम बताइए
13. मौर्य साम्राज्य का उदय कब एवं किसके द्वारा हुआ ?
14. चाणक्य के अर्थशास्त्र' की मुख्य विषय-वस्तु क्या है?
15. मौर्य साम्राज्य के कोई दो प्रमुख राजनीतिक केन्द्रों के नाम बताइए।
16. सबसे प्राचीन अभिलेख किस शासक के हैं? इनसे उसके धर्म के बारे में क्या जानकारी मिलती है?
17. अशोक के अभिलेख किन-किन भाषाओं एवं लिपियों में लिखे जाते थे ? उनके नियम क्या थे?
18. बीसवीं सदी के राष्ट्रवादी नेताओं ने सम्राट अशोक को प्रेरणा का स्रोत क्यों माना ?
19. प्रयाग प्रशस्ति के बारे में आप क्या जानते हैं?
20. आहत सिक्कों के बारे में संक्षेप में बताइए।
21. सोने के सिक्के बड़े पैमाने पर सर्वप्रथम कब व किन शासकों ने जारी किए?
22. आप कैसे कह सकते हैं कि यूनानी आक्रमण ने मुद्रा (सिक्के) के क्षेत्र को प्रभावित किया?
23. सम्राट अशोक द्वारा धारण की गई दो उपाधियाँ बताइए।
24. अभिलेख क्या हैं ? इतिहास के अध्ययन में अभिलेख किस प्रकार सहायक होते हैं ?
25. महाजनपदों का उद्भव कैसे हुआ ? संक्षेप में समझाइए।
26. महाजनपदों की कोई-सी चार विशेषताएँ लिखिए।
27. मगध सर्वाधिक शक्तिशाली महाजनपद कैसे बना? स्पष्ट कीजिए।
28. मगध छठी से चौथी शताब्दी ई. पू. के मध्य सबसे शक्तिशाली जनपद कैसे बना? व्याख्या कीजिए
29. सोलह महाजनपद कौन से थे ? इनका अस्तित्व कितने वर्षों तक रहा ?

**विश्लेषणात्मक प्रश्न** **- 4 अंक**

30. अशोक द्वारा अपने अधिकारियों और प्रजा को दिये गये संदेशो की वर्तमान संदर्भ में प्रासंगिकता सिद्ध कीजिए?
31. आरंभिक भारतीय इतिहास में छठी शताब्दी ई.पू. को एक महत्वपूर्ण परिवर्तनकारी काल क्यो माना जाता है ? स्पष्ट कीजिए ।

32. किन तरीकों से प्राचीन काल में राजा उच्च प्रतिष्ठा प्राप्त कर लेते थे ?

33. सरदार और सरदारी से आप क्या समझते हैं ? विस्तार से समझाइए।

34. प्राचीन काल में राजा किस प्रकार उच्च प्रतिष्ठा प्राप्त कर लेते थे।

35. प्रभावती गुप्त द्वारा दंगुन गांव को दान दिए जाने के बारे में वर्णन कीजिए।

36. महाजनपदों के विकास के साथ-साथ राजा और प्रजा के संबंध क्यों बिगड़ते चले गए |

37. 600 ई.पू.से 600 ईसवी तक किसानों द्वारा कृषि उत्पादकता को बढ़ाने के लिए अपनाए गए तरीकों को स्पष्ट कीजिए |


38. मौर्य राजवंश के अभिलेखों ने अशोक के धम्म के संदेश को किस प्रकार घोषित किया?

39. प्रारंभिक ऐतिहासिक शहरों में शिल्प उत्पादन के साक्ष्य पर चर्चा करें। यह हड़प्पा शहरों के साक्ष्यों से किस प्रकार भिन्न है?

40. मौर्य प्रशासन की मुख्य विशेषताओं की चर्चा करें। आपने जिन अशोक के शिलालेखों का अध्ययन किया है उनमें इनमें से कौन सा तत्व स्पष्ट है?

41. मौर्यकालीन इतिहास की जानकारी के प्रमुख स्रोतों का वर्णन कीजिए।

42. भारत के रेखा मानचित्र में छठी शताब्दी ई. पू. के किन्हीं 4 महाजनपद राज्यों को दर्शाइए।




85. भारत के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों को अंकित कर उनके नाम लिखिए

1. मगध की प्रारंभिक राजधानी पाटलिपुत्र 2. पश्चिमी मार्ग पर स्थित दो महत्वपूर्ण शहर
3.लोथल मगध कलिंग बम्बई कलकत्ता




86. नीचे दिए गए भारत के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित को अंकित कर उनके नाम लिखिए

1. अशोक के किन्हीं दो स्तम्भ अभिलेखों के स्थान अथवा कौशाम्बी-स्तम्भ अभिलेख
2. अशोक के किन्हीं दो महाशिलालेखों के स्थान,
3. अशोक के किन्हीं दो लघु अभिलेखों के स्थान।



## विषय-3 बंधुत्व जाति तथा वर्ग (आरंभिक समाज)

## लगभग 600 ई.पू.से 600 ईसवी

**प्रश्न 1 सही विकल्प चुनकर लिखिए -**

1. वी. एस. सुकंथाकर कौन थे?
   अ. डॉक्टर ब. पुरातत्वविद स. संस्कृत विद्वान द. इतिहासकार
2. महाभारत का समालोचनात्मक अध्ययन करने के लिए विद्वानों ने महत्वाकांक्षी परियोजना कब प्रारंभ की?
   अ. 1909 मेंब. 1919 में स. 1990 में द. 1991 में
3. निम्नलिखित भाषाओं में से सामान्य लोग किस भाषा का इस्तेमाल करते थे?
   अ. हिंदी ब. उर्दू स. संस्कृत द. प्राकृत
4. वर्णो के कितने प्रकार थे ?
   अ. 1 ब. 2 स. 3 द. 4
5. मनु स्मृति कब लिखी गई?
   अ.100 ई.पू. से 100 ई. ब. 200 ई.पू से 200 ई. स.300 ई.पू से 300 ई. द. 400 ई.पू से 400 ई.
6. जो लोग संस्कृत भाषा नहीं बोलते थे उन्हें कहा गया?
   अ. शक ब. चांढाल स. मलेच्छ द. निशाद
7. महाभारत का समालोचनात्मक संस्करण परियोजना किसके नेतृत्व में तैयार की गई?
   अ. ऋषि व्यास ब. बाल्मीकि स. वी..एस.सुकथांकर द. व्ही.एस.शर्मा
8. महाभारत का समालोचनात्मक संस्करण तैयार करने वाली परियोजना को पूर्ण होने में कितना समय लगा?
   अ. 47 वर्ष ब. 40 वर्ष स. 45 वर्ष द. 42 वर्ष
9. बहुपति विवाह प्रणाली किस में प्रचलित थी?
   अ. शकों में ब. सातवाहनों में स. पांडवों में द. उपरोक्त सभी में
10. मृच्छकटिकम् नामक नाटक के रचनाकार थे?
    अ. अश्वघोष ब. शुद्रक स. हरिषेण द. उपरोक्त में से कोई नहीं
11. जिन शासकों के नाम के अंत में 'पुत' शब्द आता था वे किस शासक के थे?
    अ.सातवाहन राजवंश (ब) शुंग राजवंश (स) मौर्य राजवंश (डी) कण्व राजवंश।
12. मंदसौर पत्थर के शिलालेख में एक श्रेणी का इतिहास दर्ज है
    अ) सॉनार (ब) रथकार (स) कुम्हार (द) रेशम बुनकर।
13. एकलव्य था
    अ)निषाद. (ब) सुवर्णकार (स) चांडाल (डी) पुजारी।
14. किसी इकाई, स्वजन समूह, जाति या एक ही इलाके में रहने वाले समूह के भीतर विवाह करना कहलाता है
    (अ) अंतर्विवाह (ब) बहिर्विवाह (स) बहुपत्नी प्रथा (डी) बहुपतित्व।
15. वह जनपद था जिसमें चचेरे भाई पांडव और कौरव रहते थे
    (अ) शूरसेनस (ब) मल्ल (स) शाक्य (डी) कुरुस
16. वे शासक जिनके नाम उनकी मां के नाम पर रखे गए थे

(अ) शकस (ब) सातवाहन (स) कुरु (डी) मौर्य

17. संस्कृत ग्रंथ महाभारत के अनुसार दुर्योधन ने हत्या की साजिश रची थी

(अ) धृतराष्ट्र (ब) द्रौपदी (स) कौरव (डी) पांडव।

18. हिंदू धर्म में 1000 ईसा पूर्व से आगे गोत्रों के नाम पर लोगों का वर्गीकरण किया जाता रहा है।

(अ) ब्राह्मण (ब) क्षत्रिय (स) वैश्य (डी) शूद्र

19. पाणिनि की 'अष्टाध्यायी' पर एक कृति है

(अ) संस्कृत व्याकरण (ब) संस्कृत इतिहास (सी) संस्कृत मंत्र (डी) संस्कृत नाटक।

20. प्रसिद्ध इतिहासकार वी. एस. सुकथांकर एक प्रसिद्ध विद्वान थे -

(अ) संस्कृत के (ब) मराठी के (स) हिन्दी के (द) अंग्रेजी के।

21. महाभारत है

अ. एक खण्डकाव्य (ब) एक उपन्यास (स) एक महाकाव्य (द) इनमें से कोई नहीं।

22. विवाह के इस प्रकार में वैवाहिक सम्बन्ध समूह के मध्य ही होते हैं -

(अ) अंतर्विवाह (ब) बहिर्विवाह (स) बहुपत्नी प्रथा (द) बहुपति प्रथा।

23. निम्न में से किस उपनिषद् में कई लोगों को उनके मातृनामों से निर्दिष्ट किया गया था -

(अ) बृहदारण्यक (ब) कठ (स) छान्दोग्य (द) उपर्युक्त सभी।

24. चाण्डालों के सम्बन्ध में निम्न में से कौन-सा कथन गलत है?

(अ) वे गाँव के बाहर रहते थे। (ब) वे फेंके हुए बर्तनों का इस्तेमाल करते थे।

(स) वे मरे हुए लोगों के वस्त्र पहनते थे। (द) वे रात्रि में गाँव व नगरों में घूमते थे।

25. मनुस्मृति के अनुसार पुरुष कितने प्रकार से धन का अर्जन कर सकते थे -

(अ) 5 (ब) 6 (स) 7 (द) 8

26. साहित्यिक परम्परा में महाभारत के रचयिता माने जाते हैं -

(अ) वेदव्यास (ब) वाल्मीकि (स) श्रीकृष्ण(द) भाट सारथी।

27. महाभारत की सबसे चुनौतीपूर्ण उपकथा है -

(अ) द्रौपदी का पाण्डवों के साथ विवाह करना

(ब) श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को गीता का उपदेश देना

(स) अर्जुन द्वारा युद्ध करने से इन्कार करना

(द) पाण्डवों की विजय।

28. गीता है :

(क) वेद (ख) स्वतन्त्र महाकाव्य (ग) रामायण का एक भाग (घ) महाभारत का एक भाग

29. जाति एवं वर्ण में प्रमुख अन्तर क्या है?

(क) जातियाँ सीमित हैं, जबकि वर्ण असीमित हैं (ख) जातियाँ केवल चार हैं, जबकि वर्ण बहुत सारे हैं

(ग) वर्ण केवल चार हैं, जबकि जातियाँ बहुत हैं। (घ) इनमें से कोई नहीं।

30. निम्नलिखित में से कौन-सी प्रथा चतुष्टय वेदोत्तर काल में प्रचलित हुई-

(क) धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष (ख) ब्राह्मण-क्षत्रिय-वैश्य-शूद्र

(ग) ब्रह्मचर्य-गृहस्थाश्रम-वानप्रस्थ-संन्यास (घ) इंद्र-सूर्य-रुद्र-मरुत्

31. उपनिषद पुस्तकें हैं :

(क) धर्म पर (ख) योग पर (ग) विधि पर(घ) दर्शन पर

32. निम्नलिखित में से किस स्मृति में स्त्रियों को शूद्र के समतुल्य माना गया है?

(क) याज्ञवल्क्य स्मृति (ख) मनुस्मृति (ग) क तथा ख दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं

33. ऐसा विवाह जिसमें पिता सावधानीपूर्वक वेदज्ञ एवं शीलवान वर का चयन करने के बाद उसे अपने घर बुलाता था तथा उसकी पूजा करके वस्त्राभूषण से सुसज्जित कन्या को उसे प्रदान करता था, को कहते थे -

(क) दैव विवाह (ख) आर्ष विवाह (ग) ब्रह्म विवाह (घ) प्रजापात्य विवाह

34. प्राचीनकाल में कितने प्रकार के विवाह प्रचलित थे?

(क) आठ (ख) नौ (ग) दस (घ) सोलह

35. 'उपनिषद' शब्द का शाब्दिक रूप से यह अर्थ होता है :

(क) ज्ञान (ख) प्रज्ञता (बुद्धिमत्ता) (ग) पास बैठना (घ) सस्वर पाठ

36. 'महाभारत' का प्रारम्भिक नाम क्या था?

(क) कथासरितसागर (ख) जयसंहिता (ग) राजतरंगिणी (घ) भारत कथा

37. सातवाहन का सबसे बड़ा शासक कौन था?

(क) शातकर्णी प्रथम (ख) गौतमीपुत्र शातकर्णी (ग) सिमुक (घ) हाला

**प्रश्न 2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए |**

1. संस्कृत ग्रंथों में कुल शब्द का प्रयोग -----------के लिए किया जाता है।
2. शवों की अंत्येष्टि और मृत पशुओं को छूने वालों को --------कहा जाता था।
3. --------ने युधिष्ठिर को द्यूत क्रीड़ा के लिए आमंत्रित किया।
4. मनुस्मृति के अनुसार पैतृक जायदाद में हिस्सेदारी --------थी।
5. महाभारत में ------श्लोकों की संख्या थी।
6. महाभारत का सबसे महत्वपूर्ण उपदेशात्मक अंश ------है।
7. कहानियों का संग्रह -------- में होता है।
8. महाभारत में उल्लेखित हस्तिनापुर -------- में स्थित है।
9. -------- ने महाभारत की रचना की?

**प्रश्न 3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सत्य /असत्य में दीजिए-**

1. धर्म सूत्र की रचना 500 से 200 BCE में की गई ।
2. महाभारत का समालोचनात्मक संस्करण तैयार करने में 46 वर्ष लगे।
3. गोत्र परंपरा में प्रत्येक गोत्र का नाम एक ऋषि के नाम पर होता है।
4. धर्म शास्त्रों में पांच प्रकार के विवाह का वर्णन किया गया है।
5. मनुस्मृति के अनुसार पिता की संपत्ति में पुत्री का पुत्र के बराबर अधिकार होता है।
6. गुरु द्रोण ने गुरु दक्षिणा के रूप में एकलव्य से उसके दाहिने हाथ का अंगूठा मांग लिया था।
7. एक ही गोत्र और जाति में विवाह करने वाला बहर विवाह कहलाता है।
8. वर्ण व्यवस्था का मुख्य आधार जाति था।
9. कुंती दुर्योधन की मां थी।

10. घटोत्कच भीम का पुत्र था |

**प्रश्न 4 सही जोडी बनाइए-**

| कॉलम (क) | कॉलम (ख) |
|---|---|
| i. महाभारत | अ. जन्म से 25 वर्ष तक |
| ii. भगवत गीता | ब. अश्वघोष |
| iii. मातंग | स. पाणिनी |
| iv. वर्ण व्यवस्था | द. राजा की सेवा के बदले दिए जाने वाली कीमत |
| v. ब्रह्मचर्य आश्रम | इ. एक बौधिसत्व जिन्होंने चांडाल के रूप में जन्म लिया |
| vi. कर | फ. वेदव्यास |
| vii. अष्टाध्यायी | ज. मनुष्य का विभाजन |
| viii. बुद्धचरित् | ह. महाभारत का उपदेशात्मक अंश |

**प्रश्न 5 एक शब्द या एक वाक्य में उत्तर दीजिए ।**

1. पितृवंशिकता का क्या अर्थ है।
2. अंतर्विवाह का क्या अर्थ है।
3. पुराणों की संख्या कितनी है
4. वर्ण व्यवस्था किस पर आधारित थी?
5. कुंती कौन थी?
6. धर्म ग्रंथों के अनुसार संस्कारों की संख्या कितनी बताई गई है?
7. महाभारत किस भाषा में लिखा गया ग्रंथ है?
8. पिटक कितने हैं?
9. महात्मा बुध के पूर्व जन्मों की कथाएं किस में संकलित हैं?
10. महाभारत किसके द्वारा लिखा गया?

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न- 2 अंक**

11. कुल और जाति में अंतर स्पष्ट कीजिए ?
12. पितृवंशिकता तथा वंशिकता में अंतर स्पष्ट कीजिए|
13. महाकाल काल में संपत्ति का अधिकार का मुख्य आधार क्या था?
14. बहुपति विवाह तथा बहूपत्नी विवाह में क्या अंतर है? स्पष्ट कीजिए|
15. आरंभिक समाज के आर्थिक जीवन पर प्रकाश डालिए
16. महाभारत को एक प्रगतिशील ग्रंथ क्यों कहा गया है ?स्पष्ट कीजिए?
17. मनुस्मृति में चाण्डालों के क्या कर्तव्य बताये गये हैं ?

18. कौरव और पाण्डवों के मध्य युद्ध के क्या कारण थे ?
19. जाति व्यवस्था के कोई तीन दोष बताइए ?
**20.** आरंभिक समाज के आर्थिक जीवन पर प्रकाश डालिए ?
21. महाभारत कालीन भारतीय समाज की प्रमुख समस्याएँ क्या थी ?
22. महाभारत की मुख्य कथा क्या है?
23. महाभारत के समालोचनात्मक संस्करण तैयार करने की परियोजना किसके नेतृत्व में तथा कब शुरू हुई
24. कुल और जाति में क्या अन्तर है ?
25. पितृवंशिकता एवं मातृवंशिकता में क्या अन्तर है?
26. महाभारत का युद्ध किन दो दलों के मध्य और क्यों हुआ था ?
27. कौरवों और पाण्डवों का सम्बन्ध किस वंश से था ?
28. विवाह में पिता का सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक कर्तव्य क्या माना गया है ?
29. बहुपत्नी प्रथा क्या है ?
30. बहुपति प्रथा क्या है ?
31. धर्मसूत्र व धर्मशास्त्र नामक ग्रन्थ किस भाषा में लिखे गये ?
32. मनुस्मृति से आप क्या समझते हैं ? इसकी रचना कब हुई ?
33. किस राजवंश में राजाओं के नाम से पूर्व माताओं का नाम लिखा जाता था ?
34. ब्राहमणों द्वारा स्थापित दैवीय व्यवस्था में वर्ण कौन-कौन से थे ?
35. शास्त्रों के अनुसार राजा कौन हो सकते थे?
36. महाकाव्य काल में चाण्डाल किसे कहा जाता था?
37. स्त्रीधन से क्या अभिप्राय है?
38. महाभारत का सबसे महत्वपूर्ण उपदेशात्मक अंश कौन-सा है?
39. महाभारत की मूल कथा के रचयिता कौन माने जाते हैं ?

**लघु उत्तरीय प्रश्न**

40. स्पष्ट कीजिए कि विशिष्ट परिवारों में पितृवंशिकता क्यों महत्वपूर्ण रही होगी?
41. लगभग 600 ई. पू. से 600 ई. तक के दौरान हुए आर्थिक एवं राजनीतिक परिवर्तनों का समकालीन समाज पर क्या प्रभाव पड़ा?
42. पितृवंशिकता प्रणाली में क्या विभिन्नताएँ थीं?
43. बहिर्विवाह पद्धति की कोई दो विशेषताएँ बताइए।
44. अन्तर्विवाह एवं बहिर्विवाह में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
45. बहुपत्नी प्रथा एवं बहुपति प्रथा में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
46. धर्मसूत्र व धर्मशास्त्र क्या है ?
47. धर्मसूत्रों एवं धर्मशास्त्रों में विवाह के कितने प्रकारों को स्वीकृति दी गयी है ? इनमें कौन-से विवाह उत्तम एवं कौन-से विवाह निंदित माने गये हैं ?
48. गोत्र किस प्रकार अस्तित्व में आये ? इनके दो महत्वपूर्ण नियम कौन से थे?
49. 'वर्ण' और 'जाति' में कोई दो अन्तर बताइए।

50. मनुस्मृति के अनुसार पुरुषों के लिए धन अर्जित करने के कौन-कौन से तरीके हैं ?
51. मनुस्मृति के अनुसार स्त्रियों के लिए सम्पत्ति अर्जन के कौन-कौन से तरीके हैं ? ,
52. .इतिहासकार महाभारत की विषय-वस्तु को कौन-कौन से दो मुख्य शीर्षकों में बाँटते हैं तथा इनमें क्या अन्तर
53. महाभारतकालीन स्त्रियों की विभिन्न समस्याएँ लिखिए।
54. मनुस्मृति में विवाह के कितने प्रकार बताये गये हैं ? किन्हीं चार प्रकारों का वर्णन कीजिए।
55. महाभारत में वर्णित हस्तिनापुर नगर की विशेषताएँ लिखिए।

**विश्लेषणात्मक प्रश्न**

56. आरंभिक काल में महिलाओं की स्थिति का वर्णन कीजिए?
57. चीन से आए बौद्ध भिक्षुओं ने पांचवीं शताब्दी में निम्न जातियों के लिए क्या नियम थे वर्णन कीजिए?
58. क्या प्रारंभिक राज्यों में राजा केवल क्षत्रिय थे चर्चा कीजिए?
59. प्रारंभिक समाजों में लिंग भेद कितने महत्वपूर्ण थे? कारण सहित समझाइए
60. आरंभिक समाज ई०पू० 600 से 600 ई. तक की पितृवंशिकता व्यवस्था के आदर्श और विवाह के नियमों का वर्णन कीजिए?
61. शास्त्रों के अनुसार केवल क्षत्रिय राजा हो सकते थे यह बात सार्वभौमिक रूप से स्वीकार नहीं है सिद्ध करने के लिए प्रमाण प्रस्तुत कीजिए।
62. चांडाल कौन थे?चीनी यात्रियों के अनुसार उनके विषय में क्या लिखा गया है।
63. महाभारत एक गतिशील ग्रंथ है? विस्तार से समझाइए।
64. संपत्ति में भागीदारी से क्या अभिप्राय है संपत्ति में भागीदार कौन-कौन किस प्रकार होता था?वर्णन कीजिए |
65. रेशम के बुनकरों की सामाजिक स्थिति क्या थी वर्णन कीजिए|
66. महाभारत कालीन भारतीय समाज की प्रमुख समस्याऍं क्या थी ?
67. प्राचीनकाल में सम्पत्ति के स्ववामित्व के संदर्भ में महिलाओं की स्थिति की व्याख्या कीजिए ?
68. सातवाहन शासकों के अंतर्गत माताएं किस प्रकार महत्वपूर्ण मानी जाती थी? उदाहरण दीजिए ।
69. लोगों को गोत्रों में वर्गीकृत करने की ब्राहम्णीय पद्धति की व्याख्या कीजिए ?
70. स्पष्ट कीजिए कि विशिष्ट परिवारों में पितृवंशिकता क्यों महत्त्वपूर्ण रही होगी?
71. क्या आरंभिक राज्यों में शासक निश्चित रूप से क्षत्रिय ही होते थे? चर्चा कीजिए।